श्रीमती पाटीदार ने बजट को विकास को गति देने वाला बताया और बैठक में दिये महत्वपूर्ण सुझाव

मंदसौर (इन्दौर समाचार) । वार्ड कं 39 पार्षद और जिला योजना समिति सदस्य भारती धीरज पाटीदार ने नगर पालिका के 5 अरब 42 करोड़ 11 लाख 650 रू. की आय व 5 अरब 40 करोड़ 63 लाख 61 हजार 650 रू. की अनुमानित व्यय का बजट पेश किया गया जिसमें 1 करोड़ 48 लाख रू. की बचत अनुमानित है का स्वागत करते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ बजट बताया ओर कहा कि इस बजट से मंदसौर के विकास को गति मिलेगी और अमजनों को नपा द्वारा मिलने वाली सुविधाओं में वृद्धि होगी। वहीं बजट बैठक में भारती पाटीदार द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि जो शहर की जनता का संपत्ति कर या किसी भी प्रकार अन्य कर बकाया है उसकी वसूली के कैंप प्रत्येक वार्ड में प्रत्येक महीने लगाए जाने चाहिए। जिससे कि जनता को भी कर जमा करने में असुविधा न हो और नगर पालिका को भी समय पर राजस्व की प्राप्ति हो सके। आपने कहा कि मंदसौर जनता के लिए जल एक प्राथमिक आवश्यकता है शहर में जिनके पास नल के वैध कनेक्शन है अगर वह समय पर टैक्स जमा करते हैं तो उनको विशेष प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए और जो अवैध नल कनेक्शन है उनको एक विशेष अभियान के तहत वैध किया जाना चाहिए। ताकि नगर पालिका को राजस्व की प्राप्ति हो सके और उसे शहर के विकास कार्य में लगाया जा सके। जलकल राशि जो की पिछले वर्ष की भी बकाया है उसको अलग अलग स्थानों पर कैंप लगाकर वसूल किया जाना चाहिए।

मैरिज रिसोर्ट और फ्लैकस से आय को बढ़ाया जा सकता है - तरूण शर्मा

मंदसौर (इन्दौर समाचार) । नगर पालिका परिषद की गुरूवार को हुई बजट बैठक में नगर पालिका वार्ड कं 7 से पार्षद तरूण शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि मंदसौर के छोटी गलियों वाले वार्ड जिसमें वार्ड कं 1,2,15, 16, 18,19, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35 और 36 आते है यहां पर नपा द्वारा विशेष बजट बनाकर ड्रेनेज और सीसी रोड सडक़ निर्माण का कार्य एक साथ किये जायें ताकि वार्डवासियों को बार - बार असुविधा न हो। श्री शर्मा ने कहा कि नपा में राजस्व सभापति द्वारा पेश किये आंकड़े और जमीनी हकीकत में बहुत फर्क है। यातायात व्यवस्था को लेकर बजट में हर बार राशि आवंटित कि जाती है लेकिन हर बार इस राशि का कोई उपयोग नहीं होता है पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी किसी प्रकार के कोई सुधार नहीं किये गये है। बच्चों के प्ले जोन को लेकर भी कोई प्लानिंग नहीं है।

फसल ऋ ण जमा करने की अंतिम तिथि 30 मई करने की मांग

मंदसौर (इन्दौर समाचार) । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव एवं किसान नेता श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि सहकारी समितियों में किसानों के फसली ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च 2025 है। जिसे आगे बड़ाकर 30 मई 2025 की जावे।

श्री गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में रबी की फसलें खेतों में खड़ी है और शेष फसलों की कटाई का काम चल रहा है। इसके बाद ही किसान मण्डियों में अपनी फसलों को बेचकर सहकारी समितियों के फसली ऋण को जमा करता है। ऐसी परिस्थिति में अंतिम तिथि 28 मार्च 2025 तक किसान फसली ऋण जमा करने में असमर्थ हैं। श्री गुर्जर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों की इस व्यवहारिक समस्या को ध्यान में रखते हुए फसली ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च से बढ़ाकर 30 मई 2025 की जावे। ताकि अन्नदाता किसानो को शून्य ब्याजदर योजना का लाभ मिल सकें, अन्यथा किसानों को 12 प्रतिशत सहित दंड ब्याज चुकाना पड़ेगा ।

राष्ट्रीय स्तर पर सरस्वती विद्या मंदिर भानपुरा के छात्र भानु प्रताप धाकड़ का खो-खो में सिलेक्शन

भानपुरा (इन्दौर समाचार) । खो-खो खेल मे 33 साल बाद मंदसौर जिले से स्कूल नेशनल गेम्स मे भानपुरा सरस्वती विद्या मंदिर भानपुरा के 12वीं कक्षा में पढने वाले खिलाड़ी भानु प्रताप धाकड़ का चयन हुआ, छात्र श्री धाकड़ की इस उपलब्धि से विद्यालय नगर व मंदसौर जिले का गौरव बड़ा है।

जानकारी देते हुए खेल शिक्षक तरुण लोहार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 30 अप्रेल 2025 से 5 मई तक दिल्ली मे आयोजित 68 वीं एस जी एफ आई प्रतियोगिता मे भानु प्रताप धाकड़ मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता पूर्व खिलाड़ी भानु प्रताप धाकड़ प्री नेशनल कोचिंग कैंप दिनांक 23 से 27 अप्रेल तक ग्वालियर मे मध्यप्रदेश टीम के साथ प्रेक्टिस करेंगे जो की मंदसौर जिले के सरस्वती विद्या मंदिर भानपुरा के लिए गर्व का विषय है ।

चयनित खिलाड़ी को विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग समन्वयक राघवेंद्र देराश्री, जिला शिक्षा खेल अधिकारी बंसीलाल बॉरीवाल, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष दीपक कोरिया, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, सचिव रजनीश वधवा, प्राचार्य बाबूलाल अहीर, प्रधानाचार्य विपिन दूबे, प्रवीण सांगते, मुकेश भटेवरा, योगाचार्य कमलेश प्रजापति द्वारा बधाई देकर इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई है ।

मन्दसौर नगर पालिक परिषद के बजट में विकास की योजना, कई नये प्रस्ताव हुए शामिल

मन्दसौर (इन्दौर समाचार) । नगरपालिका परिषद मंदसौर की बजट बैठक 27 मार्च गुरूवार को नपा सभागृह में आयोजित की गई। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित इस बजट बैठक में सीएमओ श्री सुधीरकुमारसिंह, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला, राजस्व वित्त एवं लेखा समिति की सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार सहित नपा के सभापतिगण, पार्षदगण उपस्थित थे। राजस्व वित्त एवं लेखा समिति की सभापति श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार ने इस बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमानित आय-व्यय का बजट परिषद के सम्मुख रखा। बजट के प्रमुख बिन्दूओं को परिषद के सदस्यों के सम्मुख रखते हुए श्रीमती बंधवार ने परिषद को अवगत कराया कि इस बजट में नपा परिषद के लिये 5 अरब 42 करोड़ 11 लाख 650 रू. की आय व 5 अरब 40 करोड़ 63 लाख 61 हजार 650 रू. की अनुमानित व्यय प्रस्तावित है। बजट में 1 करोड़ 48 लाख रू. की बचत अनुमानित है। इस वर्ष बजट में आय व व्यय में तालमेल रखते हुए नगर के सर्वांगीण विकास के लिये जलकर, संपत्ति कर एवं अन्य करों में कुछ वृद्धि का प्रावधान किया गया है ताकि विकास कार्यों के लिये मंदसौर नगरपालिका को पर्याप्त राशि प्राप्त हो और धनराशि

के अभाव में विकास कार्य प्रभावित न हो। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की परिषद का बजट प्रस्तुत करते हुए राजस्व समिति सभापति श्रीमती बंधवार ने मंदसौर नगर के चहुंमुखी विकास को दृष्टिगत रखते हुए 2025-26 के वार्षिक बजट को प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार नगर में गीता भवन बनाये जाने हेतु 15 करोड़ रू., सिंहस्थ योजनान्तर्गत नगर में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 35 करोड़ रू , सिवरेज योजना प्रथम चरण हेतु 164 करोड़ रू., नपा कार्यालय में रिकार्ड रूम व नवीन हाल निर्माण व नपा कार्यालय उन्नयन हेतु 5 करोड़ रू., गौरव दिवस मनाने हेतु 25 लाख रू., मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना चतुर्थ चरण अंतर्गत नगर में विभिन्न विकास कार्य हेतु 6 करोड़ रू, कायाकल्प अभियान सहित नई सडक़ों के निर्माण के लिये 10 करोड़ रू., नाला, नाली, स्लेब निर्माण हेतु 2 करोड़ रू., संजय गांधी उद्यान के उन्नयन व अन्य कार्यों के लिये 7 करोड़ रू., मछली मार्केट व स्लाटर हाउस के रखरखाव रिपेरिंग कार्य हेतु 10 लाख रू., नईआबादी सब्जी मार्केट में नये काम्पलेक्स के निर्माण हेतु 25 करोड़ रू. आंगनवाड़ी भवनो, ऑडिटोरियम एवं कम्यूनिटी हाल के निर्माण के लिये 50 लाख रू. नई पुलियाओं के निर्माण हेतु 50 लाख रू., सीमेंट डामर क्रय करने हेतु 45 लाख रू., अवैध कॉलोनियों में विकास कार्य हेतु 50 लाख रू., नगर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं के लिये जिम एवं अन्य निर्माण हेतु 30 लाख रू., संत कंवरराम द्वार हेतु 60 लाख रू. तालाबों के गहरीकरण हेतु 10 लाख रू., चौराहों के विकास, सौंदर्यीकरण एवं मूर्ति

स्थापना हेतु 2 करोड़ 50 लाख रू., नगरपालिका कॉलोनी में शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण हेतु 75 करोड़, रू., गांधी धर्मशाला के स्थान पर नये काम्पलेक्स के निर्माण के साथ ही नये हाल के निर्माण के लिये 50 लाख रू., पशुपतिनाथ मेला हेतु 1 करोड़ रू., खिडक़ीमाता मेला हेतु 10 लाख रू., नाहर सैय्यद मेला हेतु 30 लाख रू., नवीन फायर स्टेशन निर्माण हेतु 56 लाख 72 हजार रू., सीवरेज योजना प्रथम चरण हेतु 1 करोड़ 64 लाख रू., प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु 2 करोड़ रू., सम्बल योजना सहित श्रम विभाग की समस्त योजनाओं हेतु 3 करोड़ रू. की राशि बजट में रखी गई है। श्रीमती बंधवार ने बजट में नगर में प्रकाश व्यवस्था हेतु वेपर/सोडियम लेम्प एवं हाईमास्क को क्रय करने हेतु 2 करोड़ रू., नये खम्बों को लगाने एवं मरम्मत आदि कार्यों के लिये 2 करोड़ रूपये, नये पोल लगाने, पोल शिफ्टिंग कार्य हेतु 50 लाख रू. की राशि भी रखी गई है। बजट में नई पाईप लाईन बिछाने हेतु 30 लाख रू., जल प्रदाय उपकरणों की मरम्मत व नई सामग्री क्रय करने हेतु 1 करोड़ रूपये, पाईप लाईन मरम्मत एवं सीवर पाईप लाईन हेतु 20 लाख रू., नवीन सबमर्सिबल पम्प क्रय करने, जनरेटर आदि कार्य हेतु 20 लाख रू. की राशि बजट में रखी गई है। नपा की बजट बैठक में अपने विचार रखते हुए पूर्व नपाध्यक्ष श्री राम कोटवानी, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मुकेश खमेसरा नपा सभापति श्रीमती निर्मला चंदवानी, श्रीमती दीपमाला मकवाना, निलेष जैन, पार्षद भारती पाटीदार, सुनीता भावसार, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, ने वर्ष 2025-26 के बजट को ऐतिहासिक व नगर के विकास के पथ पर आगे बड़ाने वाला बजट बताया। नपा नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, पार्षद सुनील बंसल, संगीता गोस्वामी, तरूण शर्मा ने बजट पर अपने विचार रखते हुए बजट को बनाते समय जनप्रतिनिधियों की रात को अधिक महत्व देने का सुझाव दिया। नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने करो में वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध भी किया। बैठक में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला,पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, सभापतिगण सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, दीपमाला मकवाना, शांति दिनेश फरक्या, निलेष जैन, निर्मला नरेश चंदवानी, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि कपिल भण्डारी, पार्षदगण आशीष गौड़, प्रीतम पंचोली, ईश्वरसिंह चौहान एड., सुनीता अशोक भावसार, प्रमिला संजय गोयल, दिव्या अनूप माहेश्वरी, सुनीता नंदलाल गुजरिया, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, खेरूनबी शेहजाट पटेल, श्रीमती संगीता शैलेन्द्र गोस्वामी, श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी, श्रीमती माया नीलमचन्द्र भावसार, श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, कमलेश सिस्सौदिया, शराफत शेख, गोवर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, गरिमा हितेन्द्र भाटी, भारती धीरज पाटीदार, मंजू अनिल मालवीय भी उपस्थित थे। बैठक के अंत में राष्ट्रगान हुआ और बजट के स्वीकृत होने की घोषणा की गई।

रंग तेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

मल्हारगढ़ (इन्दौर समाचार) । रंग तेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । बस स्टैंड पर नगर परिषद की ओर से टेपा सम्मान रखा गया । जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष पंडित राजेश दीक्षित भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, संपादक राधेश्याम बैरागी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापत सभापति खुमानसिंह सिंह सोलंकी पार्षद दिलीप तिवारी विजेश मालेचा भाजपा भेरूलाल प्रजापत प्रकाश प्रजापत भगत राम राठौर डॉक्टर पाटीदार पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश प्रजापत सहित अनेक गणमान्य नागरिकों को मुख्यनगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता ने होली की टोपी पहनाकर सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर नगर परिषद की ओर से बस स्टैंड

पर ठंडाई की व्यवस्था की गई थी । बस स्टैंड से डीजे की धुन और ढोल धमाका के साथ होली के गीत गाते हुए रंग तेरस की रंगीन गैर नाचते गाते प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्ग देवरा चौक सदर बाजार गांधी चौक पुराना बाजार होते हुए निकाली गई । इस अवसर पर रंगीन गैर के साथ फायर फाइटर से गैर पर रंगीन बोछारे का स्वागत किया जा रहा था । इस अवसर पर रंगीन गैर में भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित राजीव दीक्षित, मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गी, नगर परिषद उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि रमेश चंद्र विजय वर्गी, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक मुजावदिया, सभापति खुमानसिंह सिंह सोलंकी, पार्षद दिलीप तिवारी, विजेश मालेचा, अरविंद सोनी ,गोपाल भारती, भगत राम राठौर ,अशोक कुमार सोनी, भंवरलाल तेलकार, धर्मेंद्र गेहलोत, अनिल पोरवाल, विमल रतनावत , संजय रतनावत, प्रेमचंद रतनावत, प्रदीप अग्रवाल महेश मराठा पत्रकार, सतीश दरिंग रिंग पत्रकार,प्रकाश माली पत्रकार, संदीप विज यवर्गी, दुर्गादास बैरागी, ओम प्रकाश बैरागी, प्रहलाद बैरागी, अमृत राम धनगर, शैलेंद्र जैन कैफे मधुबन, गोपाल टेलर, अशोक राठौर बंटी विजयवर्गी, अशोक गोयल, सुरेंद्र गोयल, पत्रकार भूपेंद्र सिंह चंद्रावत, दीपक प्रजापत, सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की सराहनीय व्यवस्था रही ।

विधि महाविद्यालय के शिविर में ध्यान योग मुद्रा तथा तनाव प्रबंधक पर हुए व्याख्यान

मन्दसौर (इन्दौर समाचार) । श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर ग्राम भूनिया खेड़ी में आयोजित हो रहा है। शिविर के तृतीय दिवस प्रथम बौद्धिक सत्र में हार्ट फूलनेस संस्था के डॉक्टर नीलेश जी नगाइच एवं बहन रश्मि शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को ध्यान योग मुद्रा तथा तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। द्वितीय सत्र में श्री राजेश सुराना ने विद्यार्थियों को अपना उद्बोधन देते हुए साइबर क्राइम एवं सूचना प्रौद्योगिकी के प्रावधानों से शिविरार्थियों को अवगत कराया एवं साइबर फ्रॉड से बचने के विषय पर जानकारी दी साथ ही श्री सुनील कडारा प्रबंधक विडऩ अकादमी द्वारा विद्यार्थियों को आईएएस एवं आईपीएस की तैयारी से संबंधित मार्गदर्शन दिया बौद्धिक सत्र को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाटीदार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कौशिक ने परियोजना में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि आज श्रमदान कार्य के अंतर्गत शिविरार्थियों ने विद्यालय परिसर शिविर स्थल की साफ सफाई की एवं प्रात:-काल प्रभात फेरी निकाली गई। बौद्धिक सत्र के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

99 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने की सहभागिता, खेल-खेल में बच्चों का पड़ाना सीखा

मन्दसौर (इन्दौर समाचार) । जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पीसी चौहान के मार्गदर्शन में सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय पोषण भी पड़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत मंदसौर के सभा कक्ष में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम 27 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में 99 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण पड़ाई भी की। उपयोगिता तथा 0 से 3 वर्ष के बच्चों हेतु नवचेतना एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के विकास हेतु आधारशिला पाठ्क्रम पर चर्चा की गई। खेल-खेल में बच्चों को पड़ाना, उनके भाषा विकास,शारीरिक,भावनात्मक संज्ञानात्मक विकास को कैसे विकसित किया जाए इस पर विस्तृत चर्चा की गई एवं उसको साथ ही आंगनबाड़ी प्रणाली एवं उसके बेहतर क्रियान्वयन शिक्षण अभिगम सामग्री का निर्माण एवं उसके उपयोग तथा स्थानीय स्तर पर निर्मित खिलौने के माध्यम से बच्चों का विकास कैसे जाए इस पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त संचालक उज्जैन संभाग उज्जैन श्री एलएन कंडवाल ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पीसी चौहान ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किए। इस दौरान परियोजना अधिकारी बी आर मुजाल्दे रॉकेट लर्निंग संस्था के जिला समन्वयक सुश्री नंदिनी जैन गायत्री खींची एवं अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

जिले में व्यापक स्तर पर जल संरचनाओं के संरक्षण का कार्य करें : कलेक्टर

पेयजल परीक्षण एवं जल गंगा जल संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

मंदसौर (इन्दौर समाचार) । कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जल गंगा जल संवर्धन अभियान एवं पेयजल परीक्षण की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभा गार में आयोजित की गई। गर्मी के दिनों में जल संकट उत्पन्न न हो इसके लिए अभी से आवश्यक तैयारियां की जाए। पानी के लिए टैंकर व्यवस्था हो, जल संरक्षण के बारे में लोगों को प्रेरित करें। जल संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत सूचित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में व्यापक स्तर पर जल संरचनाओं के संरक्षण का कार्य करे

उनका जीर्णोद्धार करें। सभी नगरीय निकाय सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करें। तथा उसका व्यापक प्रचार प्रसार करें। शहरों में ग्रीन एरिया विकसित करें। उस एरिया को जिओ टेक भी करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी सीएमओ, सभी सीईओ एवं अन्य संबंधित विभाग मौजूद थे। नहर, नाले, चेक डैम, स्टाप डैम की जिओ टेकिंग की जाए और इनको पोर्टल पर रिपोर्ट भी करें। रेवेन्यू रिकॉर्ड में अंकित करें। जल संरचनाओं को ग्राउंड ट्रीथिन्ग कराए। जल संरचनाओं से अतिक्रमण को हटवाए। शासकीय नहर की मैपिंग करें। सभी नगरीय निकाय नए कामों एवं ग्रीन पेंच को जिओ टेक करें। नए खेत तालाब, अमृत सरोवर का निर्माण करें। कुएं, नलकूप को रिचार्ज करने का कार्य करें। वृक्षारोपण की योजना बनाएं। नवीन जल संरचना का निर्माण करें तथा पुरानी संरचनाओं की साफ सफाई करें।

गांधी सागर बांध के बाशिंदे बंद स्ट्रीट लाईट से कई दिनों से बिजली को तरसे

भानपुरा (इन्दौर समाचार) । गांधीसागर में स्ट्रीट लाइटों के बंद होने से स्थानीय निवासी ओर राहगीर परेशान हैं। यह संकट बिजली विभाग (टी एंड डी) और जल संसाधन विभाग के बीच बिल भुगतान को लेकर जारी विवाद के कारण उत्पन्न हुआ है।

दो सरकारी विभागों की तनातनी में गांधी सागर वासी अंधेरे में डूबकर तखलीफ उठा रहें हैं। इसके कारण गांधीसागर कॉलोनी सहित चतुर्भुज नाला से चंबल डैम तक की सार्वजनिक स्ट्रीट लाइटें बीते कई दिनों से बंद पड़ी हैं। बिजली विभाग ने जल संसाधन विभाग पर 2.35 लाख रुपये का बकाया होने का दावा किया है, जबकि जल संसाधन विभाग का कहना है कि फंड आने के बाद भुगतान किया जाएगा।

गांधीसागर के अतिरिक्त प्रभार में मौजूद जूनियर इंजीनियर दीपांशु गुप्ता ने स्पष्ट किया कि बकाया राशि के भुगतान न होने के कारण स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति रोक दी गई है। इस विषय में पत्रकारों को जानकारी मांगने पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री सी. एस. चरावंडे ने कहा कि विभाग को फंड मिलने के बाद ही बिल चुकाया जा सकेगा।

रहवासियों को हो रही रात में आवागमन में दिक्कत - स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण स्थानीय रहवासियों, वाहन चालकों और राहगीरों को रात में आने-जाने में भारी कठिनाई हो रही है।

अपराध और दुर्घटनाओं का खतरा बड़ता जा रहा है व अंधेरे की वजह से चोरी, लूटपाट और सडक़ दुर्घटनाओं की संभावना अलग से बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि गांधीसागर बांध निर्माण के समय बिजली और सिंचाई विभाग के बीच स्ट्रीट लाइटों के भुगतान को लेकर समझौता हुआ था, लेकिन अब विभागों के आपसी मतभेद का खामियाजा सामान्य नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। निजी घरों की बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है, क्योंकि वहां उपभोक्ता व्यक्तिगत रूप से बिल का भुगतान कर रहे हैं। लेकिन सार्वजनिक स्ट्रीट लाइटें बंद होने से पूर गांधी सागर में अंधेरा पसरा हुआ है। हमारे संवाददाता ने तहसीलदार भानपुरा को भी इस समस्या से अवगत करवाया है। रहवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस समस्या का समाधान निकालकर गांधी सागर वासियों को अंधेरे से बाहर निकाल पाएगा, या फिर आम जनता को इसी तरह तकलीफ झेलनी पड़ेंगी।